Title : Regarding the issues related to Railway Lines in Bastar district

श्री महेश कश्यप (बस्तर) **:** माननीय सभापति महोदया, आपकी अनुमति से मुझे बोलने का अवसर मिला। इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं बस्तर लोक सभा क्षेत्र से हूं, जो केरल राज्य से बड़ा है और इसका क्षेत्रफल इजरायल और बेल्जियम से बड़ा है।

महोदया, बस्तर की जनता ने लोक सभा में मुझे सांसद बनाकर इस लोकतंत्र के मंदिर में भेजा है। हम आजादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। वहां बैलाडीला का लोहा खदान है। लोहा खदान से लोहा ले जाने के लिए रेलवे लाइन बिछाई गई है और इसका विस्तार भी हुआ है। लेकिन, बस्तर के लोगों की मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी रेल लाइन नहीं है।

महोदया, हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल में दल्ली-राजहरा रेल लाइन का विस्तार रावघाट तक हुआ है। केवटी तक रेल लाइन का विस्तार हुआ है। माननीय रेल मंत्री जी से मेरी भेंट हुई है। अभी रावघाट से जगदलपुर तक रेल लाइन का विस्तार नहीं हुआ है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा कि पहले किसी कंपनी को टेंडर दिया गया था। उस कंपनी ने असमर्थता व्यक्त करते हुए काम को छोड़ दिया है। अब नया डीपीआर तैयार हुआ है। वह कब तक पूरा होगा, यह मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं?

दूसरा, रायपुर से धमतरी तक एक बड़ी रेल लाइन का विस्तार हो रहा है। उस रेल लाइन का केशकाल, कोण्डागाँव और जगदलपुर तक विस्तार किया जाए। तीसरा, एक और रेल लाइन की मांग है कि हमारे बैलाडीला लोहा खदान से जो खनन हो रहा है, उसके लिए रेल लाइन है, लेकिन हमारे यहां के लोगों के लिए रेल लाइन का विस्तार नहीं हुआ है। उस रेल लाइन को गीदम से लेकर बीजापुर होते हुए, गढ़चिरौली, महाराष्ट्र तक जोड़ा जाए, ऐसा मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के पास प्रस्ताव रखता हूं। इस विषय में, मैं माननीय मंत्री जी जानना चाहता हूं कि उसका काम कब तक प्रारंभ होगा? मेरा आपसे निवेदन है कि मुझे इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।